**खबर संक्षेप**

## सुप्रसिद्ध कवियों का जमावड़ा 21 मार्च को



**मण्डला।** नगर के महिष्मति घाट में 21 मार्च को होने वाले कवि सम्मेलन को लेकर सोमवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। यहां पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में बताई जा रही हैं। श्रतोओं के लिए विशेष बैठक इंतजाम किए गए हैं। वहीं कार्यक्रम स्थल को आकर्षण और भव्य बनानें की रणनीति तैयारी की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। काव्यांजलि माहिष्मति नगरी मंडला के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मलेन में वरिष्ठ कवि विष्णु सक्सेना गीतकार, कवि सुदीप भोला (लपेटे में नेता फेम), कवयित्री सुमित्रा सरल श्रृंगार रस, कवि सुमित ओरछा सबरस मंच संचालक मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन शाम 7 बजे पंचचौंकी महाआरती के पश्चात आरंभ होगा। देश के जाने माने कवियों का मंडला महिष्मति नगरी में पहली बार आगमन हो रहा है। कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारी अंतिम चरण पर बताई जा रही हैं। कवि दृय द्वारा 21 मार्च की शाम 7 बजे मां नर्मदा की पंचचौंकी महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिलेवासियो से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने अपील की गई है।

## उपार्जन केन्द्रों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कराएं-कलेक्टर

# 50 दिवस से अधिक की शिकायत पर दें ध्यान

*** समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि रबी सीजन का उपार्जन प्रारंभ है। इसके लिए सभी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें तथा बुनियादी सुविधाएं जैसे छाया, पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। कृषकों के पंजीयन की गति बढ़ाएं। जिन कृषकों का पंजीयन हो चुका है, समानांतर रूप से उनका सत्यापन भी कराया जाना सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था रखें ताकि मौसम परिवर्तन की स्थिति में खरीदे गए अनाज की सुरक्षा की जा सके। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले की रैंकिंग जारी होने में तीन दिवस का समय शेष है, इसलिए संतुष्टिपूर्वक निराकरण की गति तेज करें। 50 दिवस से अधिक वाली शिकायतों पर विशेष ध्यान दें। समाधान ऑनलाईन के संबंध में उन्होंने कहा कि इसे उच्च प्राथमिकता से लेते हुए निराकरण दर्ज कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट को देखते हुए आवश्यक तैयारियाँ समय से पहले पूर्ण करें। जिन ग्रामों में पेयजल संकट की आशंका है वहां वैकल्पिक व्यवस्थाएं करें। जल जीवन मिशन के संबंध में समस्त एसडीएम फील्ड विजिट के दौरान नलजल, हेंडपंप तथा अन्य वैकल्पिक स्थितियों पर स्वयं नजर रखें। ई-ऑफिस प्रणाली के संबंध में उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से डिजिटाईजेशन होना है, इससे पहले शाखावार नस्तियों की जानकारी लेकर मास्टर डाटा तैयार करें। समस्त विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि उनके सभी अधिकारी, कर्मचारियों की एम्पलॉयी आईडी समय पर बनाई जाए। बैठक में टीएल प्रकरण, समग्र से संबंधित शिकायतें, उच्च न्यायालय की अवमानना, डब्ल्यूपी सहित अन्य विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम तथा विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



### 22 मार्च तक चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. सरौते ने जानकारी दी कि भारत शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2026 तक मीजल्स-रूबेला (खसरा) निर्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। "16 मार्च को खसरा दिवस'' है, इस उपलक्ष्य में 17 से 22 मार्च 2025 तक विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। ड्रॉप आउट तथा लेफ्ट-आउट बच्चों को एम.आर.-1 एवं एम.आर.-2 टीके से टीकाकृत किया जायेगा। खसरा रोग देवी प्रकोप नही है, बच्चों की गंभीर जानलेवा वायरस की बीमारी है। मीजल्स-रूबेला के दो बार टीके लगवाकर आजीवन इस व्याधि की रोकथाम की जा सकती है।

## 148वीं वाहिनी सीआरपीएफ के जवानों ने हर्षोल्लास से मनाई होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 148वीं वाहिनी ने रंगों और उल्लास के महापर्व होली को पूरे जोश और उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर कमांडेंट विक्रांत सारंगपाणि के सानिध्य में दिनांक 13 मार्च 2024 को पुलिस लाइन मंडला मैदान में होलिका दहन का आयोजन किया गया।

अगले दिन 14 मार्च 2024 को वाहिनी मुख्यालय प्रांगण में रंगों की बौछार के बीच जवानों और अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी अमित मिश्रा, उप कमांडेंट अरुण कुमार सिंह सहित वाहिनी के सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

इस अवसर पर कमांडेंट विक्रांत सारंगपाणि ने सभी अधिकारियों, जवानों और उनके परिवारों को होली की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व को रंग, उमंग, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश भी देती है।

कार्यक्रम के दौरान जवानों ने संगीत और होली गीतों के साथ उल्लास भरे माहौल में मिल-जुलकर इस पावन पर्व को यादगार बनाया। रंग-बिरंगे चेहरों और हंसी-खुशी के माहौल में 148वीं वाहिनी के जवानों ने यह संदेश दिया कि अनुशासन और कर्तव्य के साथ-साथ त्योहारों की खुशियों को भी पूरी तरह से जिया जाना चाहिए।

## रंग पंचमी 19 मार्च को श्रीराम मंदिर पड़ाव में होगा होली मिलन समारोह

**मण्डला।** शहर के मध्य पड़ाव में स्थित श्री राम मंदिर में आगामी 19 मार्च, बुधवार को हर वर्ष की तरह रंग पंचमी के पावन अवसर पर दोपहर 2 बजे होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आप सभी बंधुओं से सम्मिलित होने हेतु निवेदन किया गया है। ये आयोजन सबके सहयोग और सबकी सहभागिता में हर वर्ष होते आया है। रंगों के त्यौहार होली के पांचवे दिन रंगपंचमी के शुभ अवसर पर हर वर्ष हर वर्ग और हर आयु के बंधुओं को सादर आमंत्रित कर गुलाल, तिलक वंदन, स्वल्पाहार और गले मिलकर नाच गाने के साथ इस आयोजन को मनाया जाता है।

## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले की तैयारियाँ समय पर पूर्ण करें-कलेक्टर

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप महासंगम मेले की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि वित्त वर्ष का यह अंतिम रोजगार मेला है, इसलिए समय से पूर्व सभी तैयारियाँ पूर्ण करें। मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे युवाओं को इसकी जानकारी समय पर मिल सके। मेले का आयोजन 20 मार्च को नगरपालिका टाऊनहॉल में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जायेगा। रोजगार युवा संगम में स्थानीय एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियाँ भाग लेंगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, एलडीएम श्री सुजय कुमार, जीएमडीआईसी श्री नंदकिशोर वास्कले सहित संबंधित उपस्थित थे।



## रंगों से सराबोर रहा होलिका उत्सव, रंग गुलाल लगाकर मिले गले





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर एवं क्षेत्र में पांच दिवसीय होलिका उत्सव में आज भी होली मिलन के कार्यक्रम जारी रहें। इस वर्ष होली पर्व में महिलाओं में ख़ासा उत्साह देखा गया। मुहल्ला- मुहल्ला,और कॉलोनियों में महिला मंडल ने संदेश देता रंगोत्सव का आयोजन किया मुक्ति मार्ग, जन्तीपुर, भुआ, बाजार मुहल्ला में फाग, होली के गीत, पुष्प और गुलाल की सुखी होली का सफ़ल आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

बिछिया विधानसभा बिछिया के समाजसेवी डॉ विजय आनंद मरावी द्वारा होली के अवसर पर होली उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया।क्षेत्रीय जनता सहित कई गणमान्य हस्तियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने होली के पारंपरिक रंगों में सराबोर होकर समरसता और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ विजय आनंद मरावी ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रंग गुलाल और भव्य आयोजन ने सभी का मन मोह लिया।

इसके अलावा नगर में युवा टोली, फाग टोली, ब्राम्हण समाज और कालोनियों में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

### पंचमी होंगे रंगोत्सव के भव्य आयोजन

नगर में रंगपंचमी पर जोर जोर से होली मिलन समारोह का आयोजन अनेक स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही है।

**Government of Madhya Pradesh**

Higher Education Department

Govt College Niwas Distt Mandla, Madhya Pradesh Pin 481885

E mail address: artcollage.niwas@gmail.com, govtcollegeniwas@gmail.com

Tender Notice -NIT No: 01/GCN/RFQ/2024-25/ ICT equipment-NIWAS, Distt Mandla

Govt College Niwas Distt Mandla Madhya Pradesh Pin 481885 invites Request for Bid for Procurement of Goods Supply, Installation, Testing, Commissioning of Furniture, Turn key basis bid proposal to College. Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 12-08-2025 onwards. Last date of Submission on 15-04-2025. This Tender Notice Information will also be available on https://www.highereducation.mp.gov.in/

Principal
Govt College Niwas Distt Mandla
Higher Education Department

**Government of Madhya Pradesh**

Higher Education Department

Govt College Niwas Distt Mandla, Madhya Pradesh Pin 481885

E mail address: artcollage.niwas@gmail.com, govtcollegeniwas@gmail.com

Tender Notice -NIT No: 01/GCN/RFQ/2024-25/ ICT equipment-NIWAS, Distt Mandla

Govt College Niwas Distt Mandla Madhya Pradesh Pin 481885 invites Request for Bid for Procurement of Goods Supply, Installation, Testing, Commissioning of ICT equipment, on Turn key basis bid proposal to college. Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 13-03-2025 onwands. Last date of Submission on 11-04-2025. This Tender Notice Information will also be available on https://www.highereducation.mp.gov.in

Principal
Govt College Niwas Distt Mandla
Higher Education Department



**खबर संक्षेप**

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के संबंध में कार्यशाला 21 को

**अनूपपुर।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के संबंध में अनूपपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्राम पंचायत भवन में 21 मार्च को दोपहर 1:00 बजे से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। पूर्व में यह कार्यशाला 15 मार्च को निर्धारित थी, किन्तु 14 मार्च को होली/धुरेड़ी के त्यौहार का अवकाश होने से आयोजन की तैयारियों में कठिनाई व आयोजन में प्रतिभागियों तथा उपभोक्ताओं की सहज उपलब्धता की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए कार्यशाला का आयोजन 15 मार्च के स्थान पर 21 मार्च निर्धारित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा दी गई है।

### जुआ खेलते 6 गिरफ्तार, 1560 रूपए किये जब्त

**कटनी।** कोतवाली थाना की बस स्टैण्ड चौकी पुलिस ने दो स्थानों में जुआ खेलने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार होलिका पर्व के दौरान पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम खरखरी एवं कैलवारा में जुआ खेलने की शिकायत प्राप्त होने पर पेट्रोलिंग टीम के कार्यवाही की। केलवारा रोड जगत यादव के प्लांट के सामने में अवैध रूप से ताश के पत्तों से हार जीत का दाव लगाते राजेश चौधरी, शिव चौधरी, तीरथ चौधरी सभी निवासी ग्राम खरखरी को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से 350 रुपए जप्त किए गए। इसी तरह ग्राम खरखरी रोड के किनारे ताश के पत्तों से हार जीत का अवैध रूप से दांव लगाते शुभ जयसवाल निवासी शिवाजी नगर, गोलू साहू निवासी कलवारा फाटक एवं अशोक दीवान निवासी केलवारा खुर्द को पकड़ा गया। युवकों के पास से 1210 रुपए जप्त किए गए हैं। कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक योगेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक बाल गोविंद प्रजापति, आरक्षक अनमोल सिंह, मनु त्रिपाठी का योगदान रहा।

### बका लेकर घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

**उमरियापान।** धारदार हथियार के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की हैं। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि उमरियापान के मचखंडा मोहल्ला में जितेंद्र पिता अशोक चौधरी(26) धारदार लोहे का बका लेकर मोहल्ले में घूम रहा था। जिससे लोगों में दहशत का माहौल रहा। सूचना पर पहुँची पुलिस ने युवक को हथियार सहित गिरफ्तार किया।

### अधिक मात्रा में कीटनाशक के उपयोग से कम होती है उर्वरता

**हरिभूमि न्यूज: कटनी।** किसानों को वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र और कृषि विभाग ने जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन मौसम में सब्जी वर्गीय, गिल्की, खरबूज व लोबिया की फसल लगाने की सलाह दी है। तिलहन फसल की आवश्यकता को देखते हुए किसान गर्मी में तिल की फसल ले सकते हैं। साथ ही गर्मी में नई हरी खाद के रूप में व बीज उत्पादन के लिए एक विकल्प के रूप में अपना सकते हैं। किसान इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय बाजार की उपलब्धता उत्पाद की बिक्री, मृदा स्वास्थ्य व वातावरण का विशेष ध्यान रखकर फसलों का चुनाव किया जाये। किसान समय- समय पर कृषि वैज्ञानिकों से परामर्श ले सकते हैं। इसके अलावा किसान सारथी पोर्टल व वाट्सएप ग्रुप में अपनी समस्याये भेज सकते हैं, जिसका निराकरण किया जा सके। यह देखा जा रहा है कि खेतों में किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग की खड़ी फसल में 5-6 बार कीटनाशक का छिड़काव करते हैं। अनुशंसित मात्रा से अत्याधिक मात्रा में कीटनाशक का बार- बार छिड़काव के साथ ही खड़ी फसल खेत में पकने के उपरांत हरी फसल को सुखाने के लिए प्रतिबंधित नींदानाशक पैराक्वाड का उपयोग करते हैं, जिसका दुष्परिणाम वातावरण के साथ ही उत्पादित मूंग का सेवन करने वाले लोगों पर विपरीत प्रभाव भी होता है।

# फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, राजस्व व राजस्व के लंबित प्रकरण त्वरित निपटायें






**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।**

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक ली। बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम,एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा,एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग वैद्यनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर श्री रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आयोजित बैठक में जन अकांक्षा पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जन अकांक्षा पोर्टल पर लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निरीक्षण के दौरान चिन्हित बिंदुओं का पालन प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने राजस्व विभाग को वक्फ सम्पतियों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, राजस्व वसूली सहित अन्य राजस्व विषयों के लंबित प्रकरणों को त्वरित निपटान करने के लिए निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान बताया गया, कि फार्मर रजिस्ट्री में 65 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए है, कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने लंबित प्रकरणों के कारणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए, शेष लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर बालपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित सभी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध उत्खनन, सार्थक एप, निर्माण कार्यों, ई-ऑफिस की प्रगति सहित अन्य मुद्दों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चल रहे विभागीय गतिविधियों, अभियानों, सीएम हेल्पलाईन एवं समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों को संतुष्टि के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

#### कलेक्टर की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न

**डिंडौरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में भाजपा से पुनीत जैन, महेश धूमकेती, राहुल पाण्डेय, कांग्रेस से जावेद इकवाल, बसपा से असगर सिद्दिकी, आप से सोहन सिंह तेकाम, अमर सिंह मार्को, कामराज परस्ते, हरेन्द्र कुमार एवं जिला प्रशासन की ओर से डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन, निर्वाचन शाखा से राकेश अवधिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किये गए। बैठक में मतदान केन्द्रों पर उचित व्यवस्था, मतदान केन्द्रों तक सुलभ पहुंच, मतदाता परिचय पत्र सहित अन्य विषयों पर सुझाव दिये गए। जिसके संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मारव्या ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रस्तुत सुझावों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रेषित करवाना सुनिश्चित करें।

## ट्रैफिक पुलिस ने अपनी तत्परता और सराहनीय प्रयास से घायल गाय की जान बचाई



**डिंडौरी ।**

ट्रैफिक पुलिस ने अपनी तत्परता से घायल गाय की जान बचाई। सोमवार को बालपुर डिंडौरी में यातायात थाना प्रभारी टीआई सुभाष उइके और उनके टीम के द्वारा एक गाय को बचाने का सराहनीय कार्य किया गया। गाय घायल अवस्था में सड़क किनारे गड्ढे में गिरी हुई पाई गई, जिससे उसकी जान को खतरा था। यातायात प्रभारी सुभाष उइके के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ ने तत्काल बचाव कार्य करते हुए गाय को गड्ढे से सुरक्षित निकाला और ग्रामीणों के सहयोग से प्रारंभिक उपचार देकर पशुपालन विभाग को सूचित किया व गाय के लिए चारा पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। इस सराहनीय कार्य में एएसआई रामरूप विश्वकर्मा, भूपेंद्र दुलारे, आर.पी कुशवाहा नेहरू युवा केंद्र सहित स्थानीयजन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर बालपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए किया स्थल निरीक्षण





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

वीरांगना महारानी अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर बलिदान स्थल बालपुर में 20 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्यातिथ्य में प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया, उन्होंने बलिदान स्थल का निरीक्षण कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने आयोजन स्थल की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, मंच की व्यवस्था, बैरीकेडिंग, पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था, हेलीपैड सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम, एसडीएम शहपुरा वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग वैद्यनाथ वासनिक सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जमकर उड़े रंग गुलाल, परंपरागत ढंग से मनाई होली

# प्रशासन की रही चाक चौबंद व्यवस्थाएं





**शहपुरा- डिंडोरी**

जिला के शहपुरा मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में होली का त्यौहार सत्य व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक होली का त्यौहार लोगो द्वारा परंपरागत ढंग से मनाया गया। लोगो द्वारा एक दूसरे को रंग लगाकर मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनायें दी। गुरुवार की रात्रि को जगह- जगह होलिका दहन किया गया एवं शुक्रवार को युवाओं की टोली सुबह से रंग गुलाल लेकर निकल पड़ी और जमकर होली खेली गई। वही घरों मे लोगो द्वारा जाकर रंग गुलाल कर फागे भी आयोजित कराई गई। होली के त्यौहार को लेकर कलेक्टर एवं एस पी द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिये गये थे। नगर के प्रत्येक गली चौराहों पर प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रही।

#### उमंग व उत्साह के साथ मनाया त्यौहार

रंगो का त्यौहार होली बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया लोगो द्वारा होली पर जमकर लुप्त लिया। लोग एक दूसरे को रंग लगाकर मिठाई खिलाते नजर आये वहीं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा भी होली का जमकर आनंद लिया गया। होलिका दहन के साथ ही होली पर फागों का राग भी प्रारंभ हो जाती है। होली भाईचारे, रंग, गुलाल और मौज मस्ती का त्यौहार है। परंपरागत रूप से मनाए जाने वाले इस त्यौहार को कई राज्यों में इसे अलग अलग ढंग से मनाया जाता है, किंतु डिंडोरी जिले में होली मनाने की कुछ फिजा ही निराली है। शहरी तथा ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह होलिका दहन के पश्चात अगले दिन धुरेड़ी पर हर वर्ग के लोगों ने उमंग व उत्साह से होली का पर्व मनाया।

#### नन्हे मुन्ने बच्चों में दिखा काफी उत्साह

धुरेड़ी के दिन प्रातः होते ही नन्हें-मुन्ने बच्चे पिचकारी लेकरसड़कों पर घूमते नजर आने लगे वे पिचकारी के साथ मुखौटा लगाए तथा हाथ में रंग गुलाल लिए धमाचैकड़ी मचाते रहे। दोपहर होते-होते सड़कों पर हुरियारे नजर आने लगे। साथ ही गांव में होल का दहन की दर को घर-घर उडाते हुए होली खेली। रंगों से सराबोर होने के कारण अनेक लोगों को तो पहचानना तक मुश्किल हो रहा था। लोग एक दूसरे को रंग लगाकर मिठाई खिलाते नजर आये। सड़को में भी रंग व गुलाल नजर आ रहा था। धुरेड़ी के दिन सुबह से ही गली मोहल्लों में चहल पहल नजर आने लगी थी बच्चे सुबह से ही रंग गुलाल लेकर निकल पड़े और जैसे जैसे सूर्य आसमान में चढ़ रहा था वैसे वैसे ही होली की हुड़दंग सम्पूर्ण रंग के साथ सड़को पर उतर आई लोगो ने जमकर होली खेली लोग एक दूसरे को रंग लगाकर मिठाई खिलाकर गले मिलकर बधाई देते नजर आये। लोगों की टोलियां बाजे गाजे के साथ निकली और जमकर रंग गुलाल की होली खेली गई। होली पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया, इसमें पुलिस विभाग की सर्वाधिक अहम भूमिका रही। सामाजिक व धार्मिक सौहार्द को बरकरार रखने की कवायद में होली दहन की रात्रि से ही पुलिस गश्त शुरू हो गयी थी, जो होली के दिन भी लगातार जारी रही। जिससे शहर में कहीं भी अराजक स्थिति निर्मित नहीं हो पाई।



## जनजातीय नायकों पर केंद्रित एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी** राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी में बुधवार को जनजाति समाज और स्वतंत्रता संग्राम के गौरव दिवस पर एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लेखराम कुर्मी के निर्देशन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शशिकांत चंदेला के द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती एवं सरस्वती की प्रतिमा एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया श्रीमती अमृता सूर्यवंशी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता के रूप में श्री महेश धूमकेती जी पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष डिंडोरी ने जनजाति समाज और स्वतंत्रता संग्राम एवं जनजाति नायकों के द्वारा अपने देश एवं समाज के लिए अपने शौर्य और बलिदान से राष्ट्र की रक्षा कैसे की यह बतलाया तथा अपने समाज को आगे बढ़ाने के लिए कैसे संघर्ष किया आदि महत्वपूर्ण बातों की जानकारी छात्राओं को उपलब्ध कराई एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बैजनाथ साहू जी ने आदिवासी जनजाति नायकों के जीवन पर आधारित अपना वक्तव्य दिया। श्री कार्तिक राम उद्दे जी विशिष्ट अतिथि ने जनजाति गौरव के बारे में जानकारी प्रदान की श्री संदीप तेकाम जी जनपद पंचायत सदस्य मेहदवानी ने छात्र छात्राओं को जनजातीय नायकों पर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी समस्त स्टाफ डॉ गौरी सिंह परते कार्यक्रम संयोजक, डॉ सुरेश प्रसाद पाण्डेय, श्रीमती सुंदरवती यहके, सुश्री माया कनासे, डॉ अलका अवसथी, श्रीमती अमृता सूर्यवंशी, श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव, एवं समस्त स्टाफ उपस्थिति रहे । महाविद्यालय की गेलरी में जनजाति जननायकों की प्रदर्शनी लगायी गई जिसका अतिथियो, महाविद्यालीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा अवलोकन किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति उत्साह जनक रही कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ सुरेश प्रसाद पाण्डेय द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया ।

#### पुलिस ने दबोचा हत्यारे पति को

**बिजुरी** 15 मार्च को सूचनाकर्ता महेश प्रसाद पाव पिता श्यामलाल पाव गांव बेनीबहरा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि गांव मे होली का त्यौहार था आरोपी बुद्धसेन पाव, अपनी पत्नी मृतिका पुनिया पाव के चरित्र पर शंका करता था इसी कारण बुद्धसेन पाव ने मृतिका पुनिया पाव को मार पीट कर हत्या कर दी है और फरार हो गया है। जिस पर थाना बिजुरी मे अप. क्र 76/25 धारा 103(1) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

## रंगों से सराबोर रहा मेंहदवानी क्षेत्र, पारंपरिक फाग की धूम

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होली के पावन पर्व पर गांव गांव होलिका दहन किया गया। शुक्रवार से हुरियारे रंगों से सराबोर होकर जमकर मस्ती की और फाग के गीतों पर झूमकर नाचते रहे। गांव के संगीत प्रेमियों द्वारा पारंपरिक फाग का गायन किया गया। मुख्यालय मेंहदवानी सहित नजदीकी ग्राम सारसडोली, कठौतिया में धूमधाम से होली का पर्व मनाया जा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास के साथ होली का त्योहार मनाया जा रहा है एवं फाग गीतों का गायन किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### रंगपंचमी को स्थानीय अवकाश घोषित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने वर्ष- 2025 के लिए जिले में परम्परागत त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए पूरे जिले के लिए 3 स्थानीय अवकाश घोषित करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश मप्र शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार रंगपंचमी बुधवार 19 मार्च 2025 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश कोषागार एवं उपकोषागार तथा बैंकों पर लागू नहीं होंगे।

### चना-मसूर पंजीयन 21 तक

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025- 26) न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिए उपार्जन नीति के अनुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर अब 21 मार्च तक किसान पंजीयन का कार्य किया जायेगा। पहले यह पंजीयन 20 फरवरी से 17 मार्च 2025 तक किये जाने के निर्देश दिये गये थे, किंतु पंजीयन रिपोर्ट के अनुसार विगत वर्ष की तुलना में अब तक चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन कम हुए है। संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने किसानों के हित को दृष्टिगत रखते हुए फसल चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की अंतिम अवधि 17 मार्च से बढ़ाकर 21 मार्च तक निर्धारित की गई है। पंजीकृत किसानों एवं रकबें का सत्यापन दिनांक 25 मार्च तक की गई है। जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे पंजीयन के लिए वांछित समस्त दस्तावेजों तथा अपने मोबाइल के साथ नजदीकी पंजीयन केंद्र पर तत्काल पहुंचकर पंजीयन करायें।

### नहीं रहे वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी योगेंद्र सिंह



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी जोगेंद्र सिंह का करीब 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अधिवक्ता चैधरी जितेंद्र सिंह के पिता श्री थे। जानकारी अनुसार उनकी अंतिम यात्रा 18 मार्च को सुबह 10.30 बजे हाउसिंग बोर्ड में स्थित उनके निज निवास से निकलेगी। विदित हो कि वे जिला अधिवक्ता संघ के कई पदों पर रहे। साथ ही कांग्रेस पार्टी में भी उन्होंने विभिन्न पदों का दायित्व निभाया। वे लोधी समाज के प्रदेश पदाधिकारी रहे। साथ ही अनेक संगठनों से जुड़े हुए थे।

### भाजपा का होली मिलन कार्यक्रम कल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रंगपंचमी के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में कार्यकर्ताओं का होली मिलन एवं रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 19/03/2025 बुधवार को सुबह 11 बजे से आनंद मंगल भवन विधायक निवास के सामने किया गया है जिसमें मध्य प्रदेश शासन के पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे इस अवसर पर जिले भर के समस्त नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से उपस्थिती की अपील जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक द्वारा की गई है।

## सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी पर मारपीट का आरोप

# घायल की पत्नी ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

### वाहन चैकिंग के दौरान वन कर्मियों ने की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा वनों की रक्षा के लिये वन कर्मियों को नियुक्त किया गया है जिससे वनों की रक्षा हो सके वही वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा वनों को बचाने की वजह फौजदारी की जा रही है जो कि चिंता का विषय है। जबकि आयेदिन वनों को काटे जाने की जानकारी प्राप्त होती रहती है जिसपर अंकुश लगाने की वजह लोगों से मारपीट की जा रही है। उक्त मामले मे पीड़ति की पत्नि द्वारा पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। अब देखना हो गया कि पुलिस द्वारा वन विभाग कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई की जावेगी।

### मामला इस प्रकार

महाकौशल नगर, ग्राम मैनावारी थाना स्टेशन गंज निवासी श्रीमती राधा सेन पति विजय सेन द्वारा



पुलिस अधीक्षक के नाम दिये गये आवेदन मे बताया गया है कि उसका पति वाहन चलाने का कार्य करता है तथा वह जलाउ लकड़ी लेकर जा रहा था तभी सूरवारी के पास वन कर्मचारियों द्वारा वाहन का रोका गया। वाहन तथा माल संबंधी कागजों की जांच करने की बात कही गई। पीड़ति वाहन को किनारे खड़ा कर उतरा तो वन कर्मचारियों द्वारा बर्बरतापूर्ण ढंग से मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

### डिप्टी रेंजर सहित अन्य पर मारपीट का आरोप

आवेदन में बताया गया है कि वन विभाग रेंज, गोटेगांव में पदस्थ वन अधिकारी महेश पटैल व 3-4 अन्य कर्मचारियों द्वारा चैकिंग के नाम पर मारपीट की गई। वन अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा वाहन 407 को रोका गया और वाहन चालक उसके पति को जबरदस्ती वाहन से खींचकर नीचे जमीन पर पटक दिया, जिसके कारण जमीन पर गिर जाने से विजय सेन को रीढ़ की हड्डी तथा शरीर में कई जगह अत्यधिक गंभीर चोट आ गई जिसके कारण मेरे पति विजय सेन से उठते बैठते चलते नहीं बन रहा था और वह खडे होने में



असमर्थ हो रहे थे, उसके बाद वन प्रहरी की गाडी में उसके पति को डालकर वन विभाग के कर्मचारीगण वन चैकी बरहटा ले गये एवं उसके साथ मारपीट भी की तभी से आवेदिका का पति विजय सेन के शरीर के कुछ अंगो ने स्थाई रूप से काम करना बंद कर दिया है।

### घायल की हालत नाजुक

आवेदन में बताया गया है कि मारपीट मे घायल होने के बाद वनकर्मियों द्वारा घायल को वन प्रहरी से वन चैकी बरहटा ले जाया गया उसके बाद परिजनों को सूचना दी गई तब कुछ परिचित के लोग पहुंचे और अस्पताल लेकर आये जहां पर हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया। उसकी हालत अत्यधिक गंभीर बनी हुई है एवं उसके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया है। वही शिकायतकर्ता की माने तो डॉक्टरों द्वारा घायल को बचने की उम्मीद कम बताई। आवेदिका ने नियम विरुद्ध तरीके से उसके पति के साथ हुए घटनाक्रम को लेकर वन अधिकारी व कर्मचारियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में समय सीमा पत्रों, सीएम हेल्पलाइन, निक्षय अभियान के तहत टीबी की जांच, उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों के जवाब दावों, समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत चयनित विषयों,आयुष्मान कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण अभियानों, कार्यक्रमों और योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि समय सीमा के पत्रों का निराकरण तत्परता से किया जायें। उन्होंने कहा कि अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से संतुष्टि के साथ करें। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय निक्षय अभियान जिले में 25 मार्च तक चलाया जा रहा है। लोगों को टीबी के लक्षण और इससे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाये। कलेक्टर ने टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए जाने की स्थिति की भी जानकारी जिला क्षय अधिकारी डॉ विनय ठाकुर से ली। फूड बास्केट में चना, गुड़, आटा, मूंगफली, दाल आदि पोषक युक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी जाये। साथ ही मरीजों को निरंतर पूरी दवा खाने के लिए प्रेरित किया, ताकि वह पूर्ण रूप से ठीक हो सकें।बैठक में कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में प्रगति लायें। आशा कार्यकर्ता घर- घर जाकर सर्वे का कार्य करें ताकि जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड अभी नहीं बन सके हैं वे बनाये जा सके। इस संबंध में समस्त बीएमओ विशेष रूप से ध्यान देते हुए प्रतिदिन की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि एक अप्रैल से ई-ऑफिस प्रणाली शुरू हो रही है। अतः सभी ऑफिसों को ई-ऑफिस बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाये, जिसमें नस्तियों की स्कैनिंग, कर्मचारियों का डेटा, ई-मेल आईडी व ई-साइन की प्रक्रिया शुरू करें। जिले में फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को गति देने विभिन्न ग्रामों में लगातार कैंप आयोजित किए जायें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फार्मर आईडी रजिस्ट्री प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो और अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ मिले। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि ऐसे विभाग जहां योजनाओं से संबंधित और डॉक्यूमेंटेशन का काम होता है, वे अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ कार्यालय में व्यक्तियों के नाम ठीक से दर्ज किए जायें ताकि भविष्य में लोगों को दस्तावेज संबंधी समस्या ना हो। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

## सूक्ष्म, लघु एवं उद्योग के हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की प्रतिस्पर्धा और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जेड स्कीम और एमएसएमई कॉम्पेटिटिव लीन स्कीम (एमसीएलएस) के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इससे जिले के उद्यमी अपने व्यवसाय को अधिक प्रतिस्पर्धी और गुणवत्ता-युक्त बना सकें। कार्यशाला रेजिंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएएमपी) स्कीम के तहत मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एमपीएलयूएन) द्वारा आयोजित की गई। यह सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मध्य प्रदेश सरकार की स्टेट नोडल एजेंसी है। कार्यशाला में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के श्री पंकज पटेल ने आरएएमपी की प्रमुख विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया और जिले के उद्यमियों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एमएसएमई को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ लेकर वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने नरसिंहपुर में इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना और वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम को शीघ्र आयोजित करने पर भी जोर दिया।भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के विशेषज्ञ राजेश सरवटे ने जेड (जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट) योजना की जानकारी दी। उन्होंने स्थानीय उद्यमियों को जेड प्रमाणन प्राप्त करने के लाभों से अवगत कराया। इसके अलावा राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) के विशेषज्ञ सरोज जेना ने एमएसएमई कॉम्पेटिटिव लीन स्कीम (एमसीएलएस) पर एक ज्ञानवर्धक सत्र लिया। उन्होंने बताया कि यह योजना उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और दक्षता बढ़ाने में किस तरह सहायक हो सकती है। कार्यशाला में मौजूद जिले के विभिन्न उद्योग संचालकों ने जेड और लीन स्कीम में रुचि दिखाते हुए अन्य उद्यमियों को भी इन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, नरसिंहपुर के अधिकारियों एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने इस कार्यशाला को एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया।

### 19 को शुष्क दिवस घोषित

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** कलेक्टर ने जिले में रंगपंचमी 19 मार्च को शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी किया है। रंगपंचमी के दिन जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें तथा रेस्तरां बार (एफएल 2), देशी मद्य भांडागार सायंकाल 5 बजे तक बंद रहेंगे। इस अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय, परिवहन आदि पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए आबकारी एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिये हैं।

## पेस्टीसाइडस व पानी के उपयोग हेतु किसानों को सलाह

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** किसानों को वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र और कृषि विभाग ने जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन मौसम में सब्जी वर्गीय, गिलकी, खरबूज व लोबिया की फसल लगाने की सलाह दी है। तिलहन फसल की आवश्यकता को देखते हुए किसान गर्मी में तिल की फसल ले सकते हैं। साथ ही गर्मी में नई हरी खाद के रूप में व बीज उत्पादन के लिए एक विकल्प के रूप में अपना सकते हैं। किसान इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय बाजार की उपलब्धता उत्पाद की बिक्री, मृदा स्वास्थ्य व वातावरण का विशेष ध्यान रखकर फसलों का चुनाव किया जाये। किसान समय- समय पर कृषि वैज्ञानिकों से परामर्श ले सकते हैं। इसके अलावा किसान सारथी पोर्टल व वाट्सएप ग्रुप में अपनी समस्यायें भेज सकते हैं, जिसका निराकरण किया जा सके।

# कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय मंडी रोड के पास पटेल परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास श्री 1008 यतिप्रवर दंडी स्वामी इन्दु भवानन्द तीर्थ जी महाराज द्वारा भक्तों को अमृतमयी भगवान की कथा का रसपान कराया जा रहा है जिसमे बताया गया कि महर्षि सूत जी संतो को भगवान की कथा सुनाते है साधु उनसे विष्णु के अलग-अलग अवतारों के बारे में पूछते हैं। सूत जी कहते हैं कि उन्होंने यह कथा ऋषि शुकदेव से सुनी थी भगवत कथा का रसपान करने वाले भक्तों पर भगवान की कृपा होती है। आगे की कथा में भगवान श्री कृष्ण की जन्म कथा का पावन वृतांत सुनाया एवं बाल लीलाओं चर्चा करते हुए मातृ प्रेम, मित्रता प्रेम, कंस वध, कालिया दहन, रासलीला, जरासंध वध की कथा सुनाई जावेगी। महाराज श्री द्वारा बताया गया कि मनुष्य को हमेशा भगवान के प्रति आस्था श्रद्धा और पूजन पाठ इन सबको अपने जीवन में अपनाना चाहिए क्योंकि अंत समय में अपने जीवन में कुछ गलतियां की हो तो भी अंत समय में भागवत भगवान स्मरण कर मृत्यु को प्राप्त होता है तो उसकी सद्गति हो जाती है। मनुष्य के जीवन का लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति है और मोक्ष बिना भगवान के भजन कीर्तन के संभव नही है। उक्त कथा 24 मार्च तक चलेगी।



# शांति धाम निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम पंचायत ऐरपा हेतु मेरे द्वारा जिला पंचायत से प्रदत्त शांति धाम निर्माण कार्य का भूमि पूजन आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम मेरे साथ जीवन सनोडिया (पूर्व सरपंच), चंद्रहास सनोडिया (मंडलम अध्यक्ष), श्रीमती अनुसुइया परसराम (जनपद सदस्य), सडगू दादा , दादूराम सनोडिया , जगन्नाथ सनोडिया जी, प्रभु सनोडिया , श्रीमती सरोज मंगल ठाकरे (सरपंच), रामेश्वर सनोडिया (उप सरपंच), श्री रामदयाल विश्वकर्मा (सचिव), राजेश सनोडिया (सहायक सचिव), श्रीमती सोनिया सोनी (उपयंत्री), श्रीमती सरोज सनोडिया (हल्का पटवारी), गोपाल सनोडिया (शिक्षक) सहित ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी उपस्थित व्यक्तियों ने शांति धाम के निर्माण के प्रति अपनी शुभकामनाएँ दीं और इस कार्य से महत्वपूर्ण सुविधा की उम्मीद जताई।

# तेंदूखेड़ा अनुभाग में नहीं है महिला पुलिस अधिकारी

### शो-पीस बनकर रह गया महिला डेस्क

**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां नई कानून व्यवस्था के तहत अब संबंधित अपराधों दृष्टिगत रखते हुए महिला अधिकारी द्वारा ब्यान लिए जाने के साथ न्यायालयों में भी पेरवी महिला वकीलों के साथ महिला मजिस्ट्रेट द्वारा सुनवाई की जायेगी वहीं दूसरी तरफ जिले की सुरक्षा व्यवस्था की कमान महिला पुलिस अधिकारियों के पास है। लेकिन तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तेंदूखेड़ा अनुविभागीय क्षेत्र में महिला पुलिस अधिकारियों से अछूता होने के कारण महिलाओं से संबंधित मामलों में दूसरे थानों से महिला पुलिस अधिकारी बुलवाकर पीड़ित महिलाओं के बयान दर्ज कराने पड़ते हैं। तेंदूखेड़ा सहित सुआतला पलोहा बरमान चौकी में भी व्यवस्था नहीं है। तेंदूखेड़ा में बना महिला डेस्क केवल शोभा की सुपारी बनकर रह गया है। यहां महिला अधिकारी ना होने की स्थिति में इसमें ताला पड़ा रहता है।जिले में हाल ही में आई पुलिस अधिकारियों से तेंदूखेड़ा क्षेत्र के सजग वर्ग ने मांग की है कि शीघ्र ही यहां महिला सब इंस्पेक्टर की व्यवस्था कराई जाये।

### तेंदूखेड़ा को पर्याप्त पुलिस बल की जरूरत

तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में पर्याप्त पुलिस बल की काफी लंबे समय से आवश्यकता है। तुलनात्मक दृष्टि से यही देखा जाए तो तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा का यह पुलिस थाना 84 ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है। संपूर्ण क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम रखते हुए तीन तीन न्यायालयों में पुलिस से संबंधित प्रकरणों को समय पर पुलिस कर्मियों के माध्यम से




उपस्थिति दर्ज कराना फिर मुख्यालय पर आने वाले फरियादियों को सुनने से लेकर एक बड़े बल की जरूरत हमेशा से यहां पर देखी जा रही है। सीमित बल पुलिस प्रकरणों को समय में निपटाने के साथ विभिन्न अभियानों में अपनी सलंग्नता को लेकर हमेशा अपने आप में कमी महसूस करती है। पड़ोसी थानों और चौकियों की यदि हम तुलना करें तो उन थानों में गांव भी बहुत कम मात्रा में हैं और वहां पुलिस बल भी पर्याप्त है। लेकिन तेंदूखेड़ा में बल की कमी हमेशा चर्चाओं में बनीं रहती है।

### यातायात पुलिस व्यवस्था भी नदारत

तेंदूखेड़ा क्षेत्र में आये दिन विभिन्न सड़क मार्गों पर सड़क दुघर्टनायें देखने को मिल रही है।जिसे लेकर तेंदूखेड़ा पुलिस में एक यातायात पुलिस कर्मी की नियुक्ति की गई है लेकिन उक्त पुलिस कर्मी कहां पर है अभी तक तेंदूखेड़ा क्षेत्र में देखने को नहीं मिला है।साथ ही कुछ पुलिस कर्मी जो तेंदूखेड़ा में पदस्थ थे उनमें से दो पुलिस कर्मी भी कहीं अन्यत्र उनकी सेवाओं की दृष्टि से अचैट कर दिये गये हैं उससे और भी ज्यादा समस्या बनी हुई है।

### ककरा घाट पर नियमित पुलिस बल की जरूरत

तेंदूखेड़ा से ककरा घाट होकर गाडरवारा सड़क मार्ग दिन-रात चला करता है। विभिन्न प्रांतों के लोग भी यहां से आवागमन किया करते हैं। वहीं गाडरवारा रेल्वे स्टेशन से तेंदूखेड़ा तरफ मुसाफिर वर्ग ज्यादा तर आता जाता है। वैसे पूर्णिमा और अमावस्या पूर्व विशेष पर पुलिस बल तैनात तो रहता है लेकिन हमेशा 24 घंटे बल तैनात रहेगा तो निश्चित तौर पर अपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों में भय का वातावरण बना रहेगा। चूंकि यहां पर एक भवन भी पूर्व में बनकर तैयार खड़ा हुआ है।

### डोभी सहायता केन्द्र भी सुचारू हो

डोभी एक दर्जन से भी अधिक ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है। पूर्णतः कृषि उपज पर आश्रित क्षेत्र है। यहां पर एक पुलिस सहायता केंद्र प्रारंभ तो किया गया था लेकिन कुछ ही समय तक चल सका जिसका कारण भी पुलिस बल की कमी ही रहा है। यहां पुलिस सहायता केंद्र खुले रहने से इस क्षेत्र में जहां शांति व्यवस्था कायम रहेगी वहीं इस क्षेत्र के फरियादियों को दस किलोमीटर दूर तक तेंदूखेड़ा थाने में नहीं भटकना नहीं पड़ेगा।